development assistance to such assignees.

Restoration of alienated land to tribals, reservation for women in future allotment of land identification of fictitious land transactions undertaken to evade ceiling laws, House sites for the rural poor etc.

डी०आई०जैड० क्षेत्र में पीने के पानी की कम सप्लाई

2322. श्रीमती सत्या बाहेन : क्या शहरी विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार को सेक्टर—IV, डी. आई. जैड. के आवंटितियों को उस क्षेत्र में पीने के पानी की काफी कमी के कारण हो रही परेशानी के बारे में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ;

(ख) उन शिकायतों को दूर करने के लिए मंत्रालय ने कौन-कौन से उपाय कब-कब किये ;

(ग) क्या यह सच है कि इस क्षेत्र में जो पानी सप्लाई किया जा रहा है वह अपर्याप्त तो है साथ ही नमकीन भी है और यहां के निवासियों को आसपास के नई दिल्ली नगर निगम के नलकों से पीने का पानी लेना पड़ता है ;

(घ) क्या सरकार इन लोगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए कुछ कारगर कदम उठाने पर विचार कर रही है ;

(ङ) यदि हां, तो वहां प्रत्येक ब्लाक में नई दिल्ली नगर निगम का कम से कम एक नल कब तक लगा दिया जायेगा ; और

(च) वहां पानी की नियमित सप्लाई में धांधलेबाजी के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के दोषी पाये गये अधिकारियों के विरुद्ध अभी तक क्या कार्यवाही की गई है और यदि कोई कार्यवाही नहीं की गयी तो, इसके क्या कारण हैं और उक्त कार्यवाही कब तक किये जाने की उम्मीद है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बलबीर सिंह) (क) पानी की कमी के बारे में शिकायतों की संख्या निम्नलिखित हैं:—

अप्रैल, 1989	54
मई, 1989	104
जून, 1989	123
जुलाई, 1989	31

(ख) लाइन में अवरोध के कारण इस क्षेत्र के ब्लाक 15 से 38 को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा था। आवश्यक उपचारात्मक कार्रवाई कर दी गई है और अब इन ब्लाकों में पानी की कमी नहीं है।

(ग) और (घ) दिल्ली नगर निगम द्वारा पानी की भरपूर आपूर्ति में सम्पूर्ण कमी के कारण क्षेत्र में नई दिल्ली नगर निगम पालिका से पानी की सप्लाई पर्याप्त नहीं है। इसलिए नई दिल्ली नगर पालिका से सप्लाई की क्षतिपूर्ति करने के लिए क्षेत्र में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग ने 3 नलकूप स्थापित किये हैं। नलकूपों के पानी की जांच की गई है और इसे पीने के लिए उपयुक्त पाया गया है यह खारा नहीं बताया गया है।

(ङ) विद्यमान दो नलों के अलावा नई दिल्ली नगर पालिका द्वारा शीघ्र और नल लगाये जाने की सम्भावना है।

(च) उपर्युक्त भाग (क), (ख), (ग), (घ) तथा (ङ) के उत्तरों को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

Restructuring the Board of Directors of Hindustan Copper Ltd., Calcutta

2323. **PROF. SOURENDRA BATTACHARJEE: Will the Minister of STEEL AND MINES be pleased to state:**

(a) whether it is **a fact that the** Board of Directors **of the Hindustan** Copper Limited, Calcutta have undergone vast changes during the last **one** year and no one from the mining engineering discipline has been **retained**